# Samyak
An Institute For Civil Services

# RAS - 23 MAINS TEST SERIES

## सिद्धि-II - 004

**Time : 3 Hours** | **(Paper - I)** | **Maximum Marks : 200**

### सामान्य ज्ञान व सामान्य अध्ययन
### General Knowledge & General Studies

| | | | MARKS | |
|---|---|---|---|---|
| Name : | | | | |
| Enroll. No.: | | Part | Att. Ques. | Marks Obtained |
| Date of Birth : | | Unit- I | 14 | |
| Medium : | Hindi | Unit - II | 13 | |
| E-mail : | | Unit - III | 17 | |
| Exam Date : | 25.02.2024 | Total | 44 | 97.5/200 |

| Evaluator's Code | Reviewer's Code | Invigilator's Signature | Student's Signature |
|---|---|---|---|
| | | | |

## अनुदेश (Instructions)

1. परीक्षा शुरू होने से पहले पुस्तिका को जाँच लें।
   **Please check the booklet before commencement of the exam.**

2. अंक योजना प्रत्येक खंड के प्रारम्भ में दी गई है।
   **The marking scheme is given at the start of every section.**

3. अभ्यर्थियों को उत्तर निर्धारित शब्द सीमा से अधिक नहीं लिखना चाहिए, इसका उल्लंघन करने पर अंक काटे जा सकते हैं।
   **Candidates should not write more than the prescribed word limit in answers, violating this may result in deduction of marks.**

4. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि किसी भी प्रश्न का उत्तर प्रश्नोत्तर पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही लिखें। बॉर्डर लाईन से बाहर उत्तर नहीं लिखें। बॉर्डर लाईन के बाहर लिखे गये उत्तर को जाँचा नहीं जायेगा।
   **Candidates are directed to write answers only in the prescribed space of booklet. They should not write answer outside the border line. Answer written outside the border line will not be checked.**

SAMYAK, Near Riddhi Siddhi, Gopalpura Bypass, Jaipur, 9875170111
Test Series Helpline & Whatsapp - 9414988860, Email Id - samyaktestseries@gmail.com

| | REVIEW PARAMETERS | SCALE | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Good | Above Average | Average | Below Average |
| 1. | DOES THE ANSWER ADDRESS THE DEMAND OF THE QUESTION? | | | | |
| a. | Answer Relevancy | ✓ | | | |
| b. | **Answer Enrichment** points like use of: · **Key Terms/** Subject Vocabulary. Use of Commission/ report/ government publication/ judgements, etc. **Association with the Current Affairs** and use of examples to explain the concept and idea | ✓ | | | |
| 2. | HOW WELL IS THE ANSWER PRESENTED? | | | | |
| a. | **Structure** - Intro, Body, Conclusion | ✓ | | | |
| b. | **Presentation** – Using Subheadings/ points/ highlighting/ flowcharts/ diagrams/ maps | | ✓ | | |
| c. | **Language & Grammar** | ✓ | | | |
| d. | **Word limit** | ✓ | | | |

Detailed Comments / Feedback / Suggestions for Improvement
**विस्तृत टिप्पणियाँ/फीडबैक/सुधार के लिए सुझाव :-**

1. टू द पॉइन्ट लिखें
2. छोटे प्रश्नों पर फोकस करें।
3. सभी प्रश्नों का उत्तर दें।
4. अच्छा प्रयास रहा।
5.
6.
7.
8.
9.
10.
11.

**Unit – I** (75 Marks)
**(यूनिट – I)** (75 अंक)

**Part – A** Marks : 10
**भाग - अ** अंक : 10

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**
**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

**1.** मंदिर निर्माण की 'सोलंकी शैली'। - टिप्पणी लिखिए।
'Solanki style' of temple construction. – Write note.

उ०प० भारत में विकसित
विशेषता - दीवारें नक्काशी रहित
उदा० मोढेरा सूर्य मंदिर

(1) चालुक्य शासकों के समय इसलिए चालुक्य शैली भी कहलाती है।
मंदिर ... कुण्ड
(2) गुजरात, राजस्थान, मध्य भारत में प्रभाव
(3) इसमें पंचायतन शैली की विशेषताएं भी देखी जा सकती
(4) भीमदेव-I के समय - रणकपुर जैन मंदिर, आदि।

(Write above this line only)

**2.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस व मुस्लिम लीग के मध्य हुए 'लखनऊ समझौते' के प्रावधानों को लिखिए।
Write the provisions of the 'Lucknow Pact' signed between the Indian National Congress and the Muslim League.

दिसंबर - 1916 में
(1) मुस्लिम लीग, कांग्रेस की नीतियों को समर्थन देगी।
(2) कांग्रेस ने मुस्लिम लीग की मांगे मान ली।
(3) दोनों मिलकर ब्रिटिश सरकार पर 'डोमिनियन स्टेट्स' के लिए दबाव।
(4) मुस्लिम लीग की मांगे - पृथक निर्वाचन, मुस्लिम आरक्षण आदि।

(Write above this line only)

3. शास्त्रीय संस्कृत नाट्य रचना के किन्हीं चार नाटकों का नाम लिखिए।
**Write the names of any four plays of classical Sanskrit drama.**

(1) अभिज्ञान शाकुन्तलम् 1/2

(2)

?

(Write above this line only)

4. प्रमुख धर्म सुधारक 'इरेस्मस'। – टिप्पणी लिखिए।
**The major religious reformer 'Erasmus'. – Write note**

→ मानवतावादी लेखक

" जितना चर्च को नुकसान लूथर ने नहीं पहुँचाया उतना इसके व्यंग्य ने पहुँचाया।"

इरेस्मस → यूरोप का विद्वान

→ 1509 में 'द प्रेज ऑफ फॉली' व्यंग्य

→ 1516 में, 67 [illegible]

चर्च के शोषण का विरोध

1

न्यू टेस्टामेंट का संशोधित संस्करण लिखा

(Write above this line only)

5. जय नारायण व्यास द्वारा सम्पादित किन्हीं चार पत्र-पत्रिकाओं के नाम लिखिए।
**Write the names of any four newspapers and magazines edited by Jai Narayan Vyas.**

(1) नवीन राजस्थान / तरुण राजस्थान

कर्तव्य – ब्यावर

(2) आगीबाण (राजस्थानी में)

(3) राजपूताना हेराल्ड – पीप – दिल्ली

(4) केसरी

अखण्ड भारत – बम्बई

1

(Write above this line only)

## Part – B
## भाग - ब

(25 Marks)
(25 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्द में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

**1.** "स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान राजस्थानी साहित्य में राष्ट्रवादी विचारों का स्वरूप प्रकट होता है।'' स्पष्ट कीजिए।
"During the independence movement, the nature of nationalist ideas appeared in Rajasthani literature." Explain.

राजस्थानी साहित्य का भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण योगदान। राजस्थानी साहित्य के प्रथम राष्ट्रवादी कवि 'सूर्यमल्ल मिश्रण' थे जिनकी रचनाएँ 'वंशभास्कर' व 'वीर सतसई' ने युवाओं में मातृभूमि प्रेम जगाया। पश्चात् के कवियों में केसरी सिंह बारहठ 'चेतावणी रा चुंगट्या', सीताराम लालस, 'कन्हैयालाल सेठी' की रचनाएँ 'धरती धोरां री' आदि ने स्वतंत्रता की अलख जगाई। विभिन्न समाचार पत्रों व पत्रिकाओं - तरुण राज., नवीन राज. आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

(राजस्थानी जनमानस में राष्ट्रीयता का उद्भव; राष्ट्रवादी तत्वों को बढ़ावा दिया) 2/2

(Write above this line only)

**2.** मौर्यकालीन मूर्तिकला की सर्वोत्कृष्ट कृति के रूप में प्रसिद्ध 'सिंह शीर्ष' की वास्तुकला का वर्णन कीजिए।
**Describe the architecture of the famous 'Lion Head' as the best work of Mauryan sculpture.**

सिंह शीर्ष - मौर्यकालीन स्थापत्य की सर्वोत्कृष्ट रचना, सारनाथ से प्राप्त, एकाश्म पत्थर (बलुआ पत्थर) से निर्मित, शीर्ष पर ~~चार~~ चार सिंह बने हैं। आधार भाग बीच में चक्र बना है जो 'धम्म चक्र परिवर्तन' का रूप है। दाँए व बायें बैल, हाथी, घोड़ा, शेर की आकृतियाँ गतिमान मुद्रा में। इसे भारत सरकार ने अपने प्रतीक चिन्ह के रूप में अपनाया है।

(निर्माण - अशोक द्वारा; स्तंभ, कमल घंटिका, चार सिंह, धर्मचक्र; अत्यधिक चिकनापन; कुशलता; शीर्ष कमल उल्टा) 2

(Write above this line only)

3. प्राचीन काल में भारत में औषध विज्ञान के क्षेत्र में हुई प्रगति पर प्रकाश डालिए।
**Throw light on the progress made in the field of pharmaceutical science in India in ancient times.**

वेदों में औषधियों का विशेष महत्व बताया गया है। यजुर्वेद में चिकित्सा व चिकित्सा विज्ञान संबंधी मंत्र है। वैदिक काल के पश्चात् मौर्य व मौर्योत्तर काल में औषध विज्ञान का विकास हुआ लेकिन गुप्त वंश के शासन के समय इसका स्वर्णकाल माना जाता है। महर्षि चरक जिन्होंने औषधियों से चिकित्सा के बारे 'चरक संहिता' में बताया। ये शल्य चिकित्सा के भी प्राचीनतम विद्वान थे। अन्य विद्वानों में ब्रह्मगुप्त, शालिग्राम इत्यादि इससे सम्बन्धित थे।

निष्कर्ष - प्राचीनकाल का भारत विज्ञान की प्रगति का भारत रहा है।

(Write above this line only)

4. ब्रिटिश भारत में अपनाई गयी भू-राजस्व की 'स्थाई बन्दोबस्त व्यवस्था' के कारण उत्पन्न प्रभावों को लिखिए।
**Write the effects arising due to the 'Permanent Settlement System' of land revenue adopted in British India.**

सकारात्मक प्रभाव - कंपनी के राजस्व में स्थायित्व, किसान व जमींदारों ने भूमि सुधारों पर बल दिया, स्थाई राजस्व से फसल उत्पादन का स्तर बढ़ा, विभिन्न अत्याचारों में कमी आई, किसान अधिक उपज पैदा कर जीवन स्तर में सुधार कर सकता था।

नकारात्मक - अत्यधिक लगान (अधिक लाभ) से किसानों की हालत दयनीय हुई, किसान कर्ज के चुंगल में फँस गये, अकाल आदि विभीषिका में लगान देना आवश्यक, कंपनी आय बढ़ाने के अन्य तरीके अपनाने लगी।

1793 लार्ड कार्नवालिस

(Write above this line only)

5. द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप उत्पन्न प्रभावों/परिणामों को वर्णित कीजिए।
**Describe the effects/consequences of the Second World War.**

परिणाम - ① भीषण जनसंहार व आर्थिक हानि ( 2 करोड़ के लगभग मृत्यु)
② अमेरिका व सोवियत संघ नई शक्ति के रूप में उभरे
③ उपनिवेशों पर यूरोप की पकड़ कमजोर से स्वतंत्रता (भारत, पाकिस्तान, चीन)
→ यूरोपीय ... का ...
④ परमाणु युग का सूत्रपात (जापान - हिरोशिमा - नागासाकी)
⑤ महिलाधिकारों की मांगों में वृद्धि
→ विचारधारा आधारित विश्व का विभाजन
(2)
⑥ ब्रेटनवुड संस्थाओं का जन्म ⑦ शीतयुद्ध की शुरुआत
→ राष्ट्रीयता का पतन
⑧ गुटनिरपेक्ष आन्दोलन ⑨ विश्व में पूंजीवाद व साम्यवाद में विचारधाराओं का युद्ध ⑩ यूरोप की शक्ति में कमी आई।
... का उदय
संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना

(Write above this line only)

Samyak
An Institute For Civil Services
सेमिनार
25 फरवरी @10:15 बजे
Offline व Live From Classroom
RAS
Foundation | Prelims
Separate Batches for Hindi & English Medium
बैच प्रारम्भ 26 फरवरी @8AM
3 DAYS DEMO FREE
सम्यक्, ऋद्धि- सिद्धि, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर
For More Information
Contact: 9875170111
Online Course Available On
SAMYAK IAS
Download & Join

(40 Marks)
(40 अंक)

## Part – C
## भाग - स

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. नेपोलियन युग जो फ्रांस की क्रांति का परिणाम था, का फ्रांस के लिए महत्व उल्लेखित कीजिए।
Mention the importance of the Napoleonic era for France, which was the result of the French Revolution.

कथन "मेरा कार्य फ्रांस की क्रांति के परिणामों को स्थिरता प्रदान करना है।"

नेपोलियन का उदय ⇒ फ्रांस की क्रांति ने ही नेपोलियन को जन्म दिया। क्रांति के पश्चात निर्मित परिषदों की असफलता, पतन, आतंकराज आदि ने नेपोलियन के उदय का मार्ग प्रशस्त किया।

बैंक ऑफ फ्रांस की स्थापना
कर व्यवस्था मजबूत

नेपोलियन युग का महत्व - फ्रांस में चाहे नेपोलिन तानाशाह था परंतु उसकी राजनीतिक, आर्थिक व सामाजिक एकीकरण व सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका थी।

1800 – नेपोलियन के सुधार - कानूनी - नेपोलियन कानून संहिता का जनक कहा जाता है। इसने अप्रचलित कानूनों को हटाया व अन्यों को संहिताबद्ध किया।

7

आर्थिक - फ्रांस में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कर सुधार, व्यापार में वृद्धि, ऋणों में कमी, अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार

कृषिगत - भूमि सुधार, नवीन पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि, अधिक उत्पादों का निर्यात, इंग्लैण्ड की कृषि क्रांति से प्रेरणा।

सामाजिक - फ्रांस की क्रांति के मूल मूल्यों समानता, स्वतंत्रता व बंधुत्व की स्थापना की। कुछ अपवाद हैं जैसे सामन्तों को वापस विशेषाधिकार देना।

राजनीतिक - सभी को अधिकार हेतु 'घोषणा पत्र', विदेशों में फ्रांस के लिए क्षेत्र विजित करना। महाद्वीपीय नीति आदि।

निष्कर्षतः - फ्रांस की क्रांति में उथल-पुथल के बीच नेपोलियन का उत्कर्ष हुआ जिसने पूरे युरोप में फ्रांस के लिए उथल-पुथल मचा दी।

(Write above this line only)

2. ब्रिटिश भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता के विकास के प्रति ब्रिटिश नजरिये/रुख पर आलेख लिखिए।
Write an article on the British perspective/attitude towards the development of independent journalism in British India.

ब्रिटिशर भारत में प्रेस लेकर आये जिसने ही आगे जाकर इस शासन की नींव हिला दी। प्रेस के प्रति ब्रिटिश रवैया अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का रहा है (कुछ अपवाद छोड़कर जैसे रिपन) सर्वप्रथम भारत में पत्रकारिता/प्रेस की शुरुआत 1780 में जेम्स ऑगस्टस हिक्की ने 'द बंगाल गजट' से की। उसके बाद प्रेस का विकास हुआ व अनेक राष्ट्रवादी समाचार पत्रों का उदय हुआ जिसने भारतीय जनमानस में राष्ट्रवादी भावना जगाई। इन सबसे भयभीत होकर ब्रिटिश सरकार अनेक प्रकार के सेंसरशिप एक्ट लेकर आयी जिसने भारतीय प्रेस की भावनाओं को दबाने का प्रयास किया। भारत समाचार पत्र अधि., पूर्व पर्यवेक्षण अधि., भारतीय प्रेस एक्ट आदि ऐसे अधि. थे। सबसे काला कानून 'वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट-1878' को माना जाता है जिसने देशी भाषाओं के समाचार पत्रों पर एक तरह से प्रतिबंध का कार्य किया। इसमें राजाराम की समाचार प्रेस जब्त कर ली गई परंतु घोष की पत्रिका को रातों रात अंग्रेजी भाषा में बदलकर बचाया गया। ब्रिटिश शासन में प्रेस उद्धारक भी हुए जिन्होंने 1835, 1882 आदि समय अभिव्यक्ति की आजादी को बचाने का कार्य किया। निष्कर्ष- स्वतंत्र पत्रकारिता नाम की कोई संस्था विकसित न होने दी गई समय-2 पर ब्रिटिश सरकार ने प्रेस की स्वतंत्रता का गला घोंटा।

(Write above this line only)

**3. ब्रिटिश काल में राजस्थान में राजनैतिक जनजागृति के लिए उत्तरदायी कारणों की व्याख्या कीजिए।**
**Explain the reasons responsible for political awakening in Rajasthan during the British period.**

राजस्थान पर ब्रिटिश सरकार का सीधा नियंत्रण न होते हुए भी राज० की जनता को दोहरे-तीहरे शोषण में जीना पड़ रहा था। प्रमुख कारणों के परिणामस्वरूप राज० में राजनीतिक जागृति का विकास हुआ -

(1) किसान आंदोलन - राज० के किसान अनेक प्रकार की लागबागों से परेशान थे जिसके कारण उन्होंने विद्रोही तेवर दिखाये व इन आन्दोलन अनेक संस्थाओं व नेताओं का विकास हुआ जिन्होंने राज० में राजनीतिक जागृति में योगदान दिया।

(2) कवि व साहित्य - सूर्यमल्ल मिश्रण, केसरीसिंह बारहठ, बांकीदास, कुंडावत, कन्हैयालाल सेठिया आदि राष्ट्रवादी कवियों ने राजनीतिक कविताओं व साहित्य से चेतना जगाई।

(3) प्रजामण्डल आंदो० - प्रजामण्डलों का विकास देरी से हुआ परंतु सबसे महत्वपूर्ण योगदान इन्ही प्रजामंडलों ने दिया है। इनके प्रयासों से अनेक शिक्षण संस्थाएँ व संगठनों की स्थापना की गई।

(4) धार्मिक आंदोलन - एकी आन्दो० व भगत आंदोलनों जैसे आंदोलनों ने आदिवासियों व अन्य जनमानस में चेतना का विकास किया।

(5) पाश्चात्य शिक्षा - राजस्थान में शिक्षण संस्थाओं का कम विकास हुआ परंतु अनेक राष्ट्रवादी इन्हीं संस्थाओं की उपज है।

(6) समाज सुधारक - दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द, चांदकरण शारदा, हरविलास शारदा आदि के प्रयास उल्लेखनीय है।

निष्कर्ष - राजस्थान में राजनीतिक जागृति में वस्तुत: प्रमुख योगदान निम्न का था इनके अलावा महिला संगठन, मजदूर, प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध से वापस लौटे सैनिकों का भी।

(Examiner's notes in margin: ब्रिटिश संध्या ?; राज० सेवा संघ; अन्य समिति; राजस्थान सभा; हिन्दी साहित्य समिति; मध्यम वर्ग की भूमिका; यातायात व संचार साधनों का विकास; 1st WW का प्रभाव; शासकों के अंग्रेज विरोधी भावनाएं; क्रांतिकारी गतिविधियां; निरंजनदास, आसाराम ... ; 6)

(Write above this line only)

4. निम्न पर टिप्पणी लिखिए/Write comment on the following-

1. माउंटबेटन योजना/Mountbatten Plan
2. मुगल-मेवाड़ संधि/Mughal-Mewar Treaty

माउंट बेटन योजना - डिक्की बर्ड प्लान, 3 जून प्लान के नाम से भी जानी जाती है। तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन ने 3 जून 1947 को यह योजना की घोषणा की। प्रमुख प्रावधान - (1) भारत व पाकिस्तान नाम के दो स्वतंत्र डोमेनियन (2) भारत के उत्तर-पूर्वी सीमा प्रांत व पश्चिमी प्रांतों का जनमत (3) जब तक संविधान बन नहीं जाता तब तक 1935 अधि. के प्रावधानों से सरकार चलेगी (4) दोनों देशों का एक वायसराय होगा जो अंतरिम सरकार की सिफारिश पर कार्य (5) रियासतों को दोनों में मिलने स्वतंत्र रहने की स्वतंत्रता होगी (6) दोनों का विभाजन होगा।

मुगल-मेवाड़ संधि - 1615 में जहाँगीर के समय। मुगलों की ओर से खुर्रम (शाहजहाँ) व महाराणा की ओर से युवराज शामिल हुआ। प्रमुख प्रावधान - (1) महाराणा मुगल दरबार में उपस्थित नहीं होगा पर युवराज को बादशाह की सेवा में जाना होगा। (2) महाराणा को चितौड़ लौटा दिया पर मरम्मत नहीं करवा सकता (3) युवराज को 5000 का मनसब प्रदान किया गया। (4) दोनों में शांति स्थापित हुई। (5) मेवाड़ समय आने पर मुगलों को सैन्य सहायता प्रदान करेगा। इस प्रकार इस संधि से मेवाड़ की स्वतंत्रता छिन गई व मेवाड़ मुगलों के अधीन आ गया। इससे आहत महाराणा अमरसिंह बीमार रहने लगा व 1620 में उसकी मृत्यु हो गई।

(Write above this line only)

Unit – II (65 Marks)
(यूनिट – II) (65 अंक)

Part – A Marks : 10
भाग - अ अंक : 10

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

**1.** नीति आयोग द्वारा जारी 'राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक' के मापदण्डों को लिखिए।
**Write the parameters of 'National Multidimensional Poverty Index' released by NITI Aayog.**

राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक 3 आयामों पर मापा जाता है।
(1) साप्ताहिक – सब्जी, दुध व रोजमर्रा की वस्तुओं पर खर्च
(2) मासिक – बिजली का बिल, राशन सामग्री आदि पर
(3) वार्षिक – शिक्षा, चिकित्सा, जुते व कपड़ो पर खर्च

पोषण
MMR
मातृ स्वास्थ्य
स्कूली – उपस्थिति
ईंधन
स्वच्छता
पेयजल आवास Bank A/c
1/2

(Write above this line only)

**2.** 'लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल' पर टिप्पणी लिखिए।
**Write note on 'Landlord Port Model'.**

बंदरगाहों की तरह बीच जमीन पर शुष्क बंदरगाह विकसित करना। लैंडलॉर्ड स्टेट में राज. 6वें नंबर पर है
राजस्थान में जोधपुर, भीलवाड़ा में शुष्क बंदरगाह विकसित किये जा रहे
PPP मॉडल
0

(Write above this line only)

I.P.A - 1908 नियामक संस्था उद्देश्य - ?
संचालन - निजी कम्पनी

3. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण
National Financial Reporting Authority

(1) यह वित्तीय संस्थाओं की निगरानी करता है
(2) वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित करता है
(3) वित्तीय मामलों पर सरकार को सलाह प्रदान करता है
(4) स्वायत संस्थान है

सार्वजनिक कम्पनियाँ 2018 15 सदस्य (अध्यक्ष सहित) नियुक्ति केन्द्र सरकार 1

(Write above this line only)

4. अर्थोपाय अग्रिम
Ways and Means Advance

किसी मद की राशि कम लगने पर अग्रिम भुगतान देना।

Answer key देखें। 0

(Write above this line only)

5. राजस्थान में वर्ष 2022-23 में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों के उपक्षेत्रों (शीर्ष चार) का प्रचलित मूल्यों पर योगदान लिखिए।
Write the contribution of sub-sectors (top four) of agriculture and allied sectors in Rajasthan in the year 2022-23 at prevailing prices.

योगदान प्रतिशत फसलें यन्त्र

(1) पशुपालन 46.51%
(2) डेयरी फसलें - 46%
(3) वन / लॉगिंग - 7.20%
(4) मत्स्य - 0.39%

1/2

(Write above this line only)

## Part – B
## भाग - ब

(25 Marks)
(25 अंक)

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.**
**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।**

**1.** अंतरिम बजट की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अंतरिम बजट व लेखानुदान में अन्तर लिखिए।
**Explaining the concept of interim budget, write the difference between interim budget and vote on account.**

आम चुनाव से पूर्व / कार्यकाल में केवल दौरान

अंतरिम बजट - चुनाव से पहले सरकार द्वारा पेश जिसमें बड़ी व लोक-लुभावन घोषणाएँ नहीं की जा सकती है। सरकार द्वारा अपनी नीतियों का खाका पेश किया जाता व कुछ महीने की मांगें।

2

| अंतरिम बजट (अनु. 112) | लेखानुदान (अनु. 116) |
| --- | --- |
| ① चुनाव से पूर्व पेश बजट | ① चुनाव के कारण समय कम होने से बजट पास नहीं हो सकता। |
| ② संविधान में उल्लेख नहीं | ② संविधान में उल्लेख। |
| करमबद्धी परिवर्तन, नीतिगत की स्थितिक | परिवर्तन नहीं, बजट 1/6 भाग। |

(Write above this line only)

**2.** "बढती मुद्रास्फीति किसी देश में राजनीतिक व आर्थिक संकट का घोतक है।" स्पष्ट करें।
**"Rising inflation is an indicator of political and economic crisis in a country." Explain.**

मुद्रास्फीति दर का नियंत्रण में होना आवश्यक है। मुद्रास्फीति की वृद्धि से कीमतों में वृद्धि, बेरोजगारी व अन्य समस्याएँ देखने को मिलती है। मुद्रास्फीति बढ़ने से देश में मांग व आपूर्ति में असंतुलन पैदा। जनता में आक्रोश। केंद्रीय बैंक इसके नियंत्रण के लिए ब्याज दरें बढ़ाता है जो निवेश व आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करती है। विदेशी निवेश व विदेशी मुद्रा भंडार भी प्रभावित। इस प्रकार मुद्रास्फीति किसी देश को राजनीतिक व आर्थिक संकट में धकेलती है जैसे - श्रीलंका (आर्थिक), पाकिस्तान (आर्थिक व राजनीतिक)

(सरकार की लोकप्रियता, बजट घाटा, उत्पादन अवरुद्ध)

3

(Write above this line only)

3. सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार के उद्देश्य से गठित 'शांता कुमार समिति' द्वारा प्रस्तुत सिफारिशों को लिखिए।
**Write the recommendations given by the 'Shanta Kumar Committee' formed for the purpose of improving the public distribution system.**

देश में 1960 के दशक में PDS की शुरूआत हुई जिसका उद्देश्य गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध करवाना व उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना। PDS की कमियों को दूर व सुधार हेतु 'शांता कुमार समिति' गठित की गई-

प्रमुख सिफारिशें – लीकेज रोकने हेतु तकनीक का प्रयोग, परिवहन प्रणाली में सुधार (जियोटैगिंग), आधार से लिंक करना, DBT का माध्यम, एक-एक दाने पर नजर, पोश मशीनें, राज्य व केंद्र के मध्य समन्वय, एक देश एक राशन, ऑनलाइन शिकायत निवारण, भूतिया लाभार्थियों की पहचान, लाभार्थियों की पहचान में राज्य की भूमिका हो। स्थानीय संस्थाओं से निगरानी।

(अनाजों की खरीद → भण्डारण, बफर स्टॉक → परिवहन - GPS, कंटेनर → वितरण - कम्प्यूटीकरण)

(Write above this line only)

4. भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम के समक्ष आने वाली चुनौतियों को लिखिए।
**Write the challenges faced by the startup ecosystem in India.**

स्टार्टअप की चुनौतियाँ:
- सकारात्मक परिवेश की कमी
- बेहतर स्थान उपलब्ध करवाना
- वित्त की समस्या
- आधारसंरचनात्मक कमी
- निवेश का अभाव
- कौशल की कमी
- ऑनलाइन साक्षरता नहीं होना
- सरकारी नियम प्रक्रिया
- इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी
- लालफीताशाही राज
- तकनीक की कमी
- रूढ़िगत सोच (सरकारी नौकरी)

(कृषि आधारित स्टार्टअप कम; स्टार्टअप में फ्लिपिंग)

good

(Write above this line only)

5. राजस्थान में तीव्र आर्थिक विकास को सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से उठाये गये कदमों को लिखिए।
**Write the steps taken with the aim of ensuring rapid economic development in Rajasthan.**

good
4

36 जिला उद्योग केन्द्र 8 उपकेन्द्र

**तीव्र आर्थिक विकास के प्रयास**

संस्थाएँ
- रिको
- जापानी निवेश क्षेत्र
- विकास प्राधिकरण
- जिला स्तरीय कमेटी

परियोजनाएँ
- केंद्रीय
- राज्य द्वारा
- विदेशी सहायता से

निवेश
- निवेश प्रोत्साहन योजना
- निवेश प्रोत्साहन केन्द्र
- एम्पावर्ड व अनुमोदन समितियाँ
- निवेश क्षेत्र

उद्योग
- उद्योग प्रोत्साहन
- MSME नीति
- रीको
- प्रदर्शनियाँ
- एक्सपो

अन्य प्रयास
- छूट व पुनर्भरण
- प्रशिक्षण

अवसंरचना
- PPP मॉडल
- BOT मॉडल
- TOT मॉडल
- पूंजीगत निवेश
- विदेशी सहायता
- ऋण

नई नीतियाँ
नीतियाँ
कृषि
खनिज
पर्यटन
एग्रोफूड पार्क

(Write above this line only)

Syllabus, Pattern व स्तर RAS जैसा
तो तैयारी भी RAS विशेषज्ञों द्वारा

Samyak
An Institute For Civil Services

सेमिनार
PSI

25 फरवरी @10:15 बजे

Offline व Live From Classroom

बैच प्रारम्भ 26 फरवरी @2PM
3 DAYS DEMO FREE

सर्वश्रेष्ठ विषय विशेषज्ञ
ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन कोर्स फ्री

सम्यक्, ऋद्धि- सिद्धि, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर
For More Information
Contact: 9875170111

Online Course Available On
SAMYAK IAS
Download & Join
App Store | Google Play | Windows Store

**Part – C** (30 Marks)

**भाग - स** (30 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 100 words each. Each Question carries 10 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 100-100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 10 अंक निर्धारित हैं।

1. हरित क्रान्ति की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए इसके तत्वों को लिखिए तथा हरित क्रान्ति के परिणामस्वरूप उत्पन्न सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालिए।

**Explaining the concept of Green Revolution, write its elements and throw light on the positive and negative effects arising as a result of Green Revolution.**

हरित क्रांति - स्वतंत्रता के डेढ़ दशक पश्चात् स्वामीनाथन के प्रयासों से कृषि क्षेत्र में उत्पादन व उर्वरता व तकनीकी, गुणवत्ता आदि क्षेत्रों में हुए नाटकीय परिवर्तनों को कृषि क्रांति (हरित) की संज्ञा दी जाती है। इससे भारत न केवल खाद्यान्न में आत्मनिर्भर हुआ अपितु निर्यात सक्षम भी हुआ। प्रमुख तत्व - उत्पादन में वृद्धि, उर्वरता में वृद्धि, उन्नत बीज, सिंचाई, किसानों को वित्तीय सहायता, खाद्यान्न आत्मनिर्भरता।

परिणाम - हरित क्रांति ने किसानों व भारत को खाद्यान्न में न केवल सक्षम बनाया बल्कि निर्यात के लायक बना दिया।

सकारात्मक - (i) देश खाद्यान्न क्षेत्र में आत्मनिर्भर हुआ (ii) किसानों की आय में वृद्धि व जीवन स्तर में सुधार आया (iii) गरीबों को खाद्य सुरक्षा उपलब्ध (iv) विकसित देशों पर निर्भरता खत्म हुई (v) कृषि का रकबा (जोत) में वृद्धि हुई (vi) विभिन्न प्रकार के नवाचार (vii) शोध व अनुसंधान को बल मिला।

नकारात्मक - (i) जमीन की उर्वरता में कमी (ii) अधिक उर्वरकों के इस्तेमाल से रोग उत्पन्न व भूमि बंजर (सिंचाई → (सेम समस्या)) (iii) हरित क्रांति का प्रभाव सिर्फ कुछ राज्यों के किसानों को (पंजाब, हरि., UP., प.राज., तमिल.)

निष्कर्ष - उर्वरकों के उचित उपयोग व सरकार द्वारा वर्तमान नीतियों के बेहतर क्रियान्वयन से हरित क्रांति के नकारात्मक प्रभावों में कमी की जा सकती।

(Write above this line only)

2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए/Write comment on the following-

1. लखपति दीदी योजना /Lakhpati Didi Scheme
2. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्य/Functions of International Monetary Fund

(1.) लखपति दीदी योजना - 15 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री जी ने घोषणा।
16 अगस्त 2023 को मंत्रीमण्डल से अनुमोदन मिला।
उद्देश्य - स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को स्वरोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना।
प्रावधान - (i) 2 करोड़ महिलाओं SHG के माध्यम से प्रतिवर्ष 1 लाख रु की आय के योग्य बनाना।
(ii) स्वयं सहायता समूह की सहायता से प्रशिक्षण प्रदान करना।
प्रयास → लखपति दीदी ड्रोन - 15,000 SHG की 30000 महिलाओं को कृषि ड्रोन का प्रशिक्षण देना व ड्रोन खरीदने हेतु वित्तीय सहायता। इसके लिए 1261 क. का प्रावधान किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष - ब्रेटनवुड सम्मेलन में (1944), 190 सदस्य देश
कार्य - ① BOP (भुगतान संतुलन संकट) के समय सदस्य देशों की सहायता करना ② देशों की मौद्रिक नीति पर उचित सलाह प्रदान करना ③ विश्व अर्थव्यवस्था पर निगरानी बनाए रखना ④ सदस्यों देशों को दीर्घकालीन ऋण सहायता ⑤ विकसित व विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में संतुलन ⑥ अल्पविकसित देशों की विशेष सहायता ⑦ सदस्य देशों की SDR के माध्यम से संकट के समय वित्तीय मदद ⑧ विश्व अर्थव्यवस्था व सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर रिपोर्ट - 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक'

(Write above this line only)

3. निम्न पर टिप्पणी लिखिए/Write comment on the following-

1. राजस्थान के आर्थिक विकास में पी.पी.पी. मॉडल की भूमिका
Role of PPP Model in economic development of Rajasthan

2. राजस्थान की कृषि अर्थव्यस्था में महिलाओं का योगदान
Contribution of women in the agricultural economy of Rajasthan

प्रमुख प्रोजेक्ट → रिंगरोड → जयपुर Metro → जलापूर्ति एवं सिवरेज प्रोजेक्ट

PPP मॉडल - यह मॉडल सरकारी व निजी निवेश की भागीदारी पर आधारित है। राजस्थान के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण है क्योंकि राज. एक पिछड़ा राज्य व निवेश संभावनाओं से भरपूर है। वित्त की कमी के कारण राज. की अनेक परियोजनाएँ इसी मॉडल पर संचालित है। (i) BOT - (निर्माण संचालन स्थानांतरण) - इसमें निजी क्षेत्र द्वारा निर्माण किया जाता व वसूली तक परियोजना का संचालन व उसके बाद सरकार को सौंप दिया जाता है। (ii) TOT (टोल ऑपरेट ट्रांसफर) - निजी क्षेत्र बोली द्वारा भागीदारी करते है।

6/2

कृषि अर्थव्यवस्था में महिलाओं का योगदान - (i) संबद्ध क्षेत्र डेयरी में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका (ii) लगातार बढ़ती महिला कृषि जोतें महिलाओं की कृषि में बढ़ती भूमिका बयां करते है। (iii) कृषि में तकनीक के प्रयोग से यह आसान हुई जिससे भी महिलाओं की भागीदारी कृषि में बढ़ी है। (iv) पशुपालन में महिलाओं की भूमिका है (v) अप्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से महिलाएँ कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

महिला प्रचलित जोत 7.75 लाख, बागवानी, कृषि वानिकी, मत्स्यपालन, कताई, कटाई के बाद कार्यकलाप, मंडियों में विपणन तक भूमिका

निष्कर्ष - वर्तमान में कार्य भागीदारी में महिलाओं की स्थिति मजबूत हो रही है।

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – A) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – A) (20 अंक)

Part – A (10 Marks)

भाग - अ (10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15-15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. प्रमुख समाजशास्त्री धुर्जटि प्रसाद मुखर्जी
   Prominent sociologist Dhurjati Prasad Mukherjee

जन्म - 1894 (कोलकाता)

D.P. मुखर्जी - प्रमुख भारतीय समाजशास्त्री भारतीय परम्पराओं व उनमें परिवर्तनों का अध्ययन किया

प्रमुख-विषय - जाति, समाज, परिवार, ग्रामीण समाज, गाँव

प्रमुख कृतियाँ - जाति एवं व्यवसाय,

रचनाएँ → समाजशास्त्र की मूल अवधारणा
→ विविधताएँ
→ भारतीय युवकों की समस्याएँ

(Write above this line only)

2. दहेज प्रथा को रोकने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर किए जाने वाले प्रयासों को लिखिए।
   Write the efforts made at individual level to stop the dowry system.

सिविल सेवक के नाते अधिक से अधिक प्रयास करूंगा कि दहेज की बुराई जड़ से मिट जाये।

व्यक्तिगत प्रयास
- स्वयं के विवाह में दहेज नहीं लेने का शपथ पत्र
- दहेज के प्रति आस-पास समाज में जागरूकता फैलाना
- बच्चों को उचित नैतिक शिक्षा
- पुत्र या पुत्री के विवाह पर दहेज नहीं लेना व देना

(Write above this line only)

3. वैश्वीकरण के राजनैतिक आयामों को लिखिए/उल्लेखित कीजिए।
**Write/mention the political dimensions of globalization.**

सुशासन ↗
सम्प्रभुता का खण्डन
वैश्विक नागरिकता
वैश्वीकरण के राजनीतिक आयाम
विचारधाराओं से प्रभावित होना (पूंजीवाद समाजवाद)
संवैधानिक मूल्यों का विकास हुआ
अधिकारों के प्रति सचेत
लोकतंत्र मजबूत हुआ
1

(Write above this line only)

4. आदिवासी समुदाय में प्रचलित 'मौताणा प्रथा'
**'Mautana Practice' prevalent in the tribal community**

उदयपुर, बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ में प्रचलित
मौताणा प्रथा – किसी व्यक्ति की असामयिक मृत्यु होने पर किसी व्यक्ति या अन्य पक्ष पर पैसे के लिए दबाव बनाना। इससे पवित्र देह का अपमान होता है। सरकार इस हेतु वर्तमान में अधि. भी लेकर आई है जिसके तहत 24 घंटे में अंतिम संस्कार
प्रचलित सामाजिक कुरीति
व्यक्ति की मृत्यु दुर्घटना में आरोपित से पैसों द्वारा क्षतिपूर्ति लेना
1

(Write above this line only)

5. वर्तमान में भारतीय समाज में साम्प्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले कारणों को लिखिए।
**Write the reasons promoting communalism in Indian society at present.**

गरीबी
बेरोजगारी
अपने समुदाय के प्रति कट्टरता
शिक्षा की कमी
कारण
विभिन्न राजनीतिज्ञों द्वारा वोट की राजनीति हेतु
अंधविश्वास
धर्मगुरुओं व उलेमाओं
धार्मिक तुष्टिकरण
→ धर्माधारित राजनीति
→ असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक भाषण
→ प्रशासन की शिथिलता
1

(Write above this line only)

## Part – B (10 Marks)
## भाग - ब (10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. भारत में वृद्धजनों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को लिखते हुए वृद्धजनों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर टिप्पणी लिखिए।

**Writing about the problems faced by the elderly in India, write comment on the steps taken by the government for the welfare of the elderly.**

स्वास्थ्य समस्याएँ

समस्याएँ – अकेलापन महसूस होना, परिवार में उपेक्षित महसूस करवाना, शारीरिक व मानसिक कमजोरी, आर्थिक रूप से निर्भरता, पीढ़ी अंतराल से उपेक्षा, संयुक्त परिवारों का बिखराव।

सरकार द्वारा वृद्धजनों के कल्याण हेतु – विभिन्न पेंशन योजना, वरिष्ठ जन कहकर संबोधन, वृद्धाश्रमों की स्थापना, सार्वजनिक स्थानों को वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल बनाना, वर्तमान NEP, विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रोत्साहन व सहयोग प्राप्त करना।

राष्ट्रीय वृद्ध नीति – 1999
कल्याण अधि० 2007
राष्ट्रीय वयोश्री योजना
PM वयवंदना योजना
वृद्धावस्था पेंशन

(Write above this line only)

2. जनजातीय समुदाय की विशेषताओं को बताते हुए वर्तमान में जनजातीय समुदायों के समक्ष आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालिए।

**While describing the characteristics of the tribal community, throw light on the challenges faced by the tribal communities at present.**

3

विशेषताएँ –
- अन्तर्विवाही
- पुरानी परंपराओं का पालन करना
- विशेष भौगोलिक क्षेत्र में निवास होना
- स्वयं के रीति-रिवाजों का पालन
- जनसामान्य से जुड़ाव न होना
- अपने आप को उपेक्षित महसूस करना
- इनके विशेष परिधान, संस्कार व पर्व होना
- धार्मिकता / अंधविश्वास

चुनौतियाँ –
- भाषा-संस्कृति का ह्रास
- वर्तमान तकनीकी व शहरी युग से तालमेल की समस्या
- शिक्षा की कमी
- आधुनिकता के कारण परंपरा से कटाव
- विभिन्न योजनाओं व आरक्षण का लाभ न मिल पाना
- सिर्फ एक तबके द्वारा इनका फायदा उठाना
- अवसंरचनात्मक विकास की कमी
- बहकावे में आकर सरकार व समुदाय के खिलाफ हथियार उठा लेना
- बेरोजगारी
- निर्धनता
- नशाखोरी
- प्राकृतिक आपदाएँ

(Write above this line only)

(Unit – III) (Section – B) (20 Marks)

(यूनिट – III) (सेक्शन – B) (20 अंक)

Part – A (10 Marks)

भाग - अ (10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।

1. प्रतिधारित आय को परिभाषित करते हुए इसके गुण व दोषों को लिखिए।
Define retained income and write its merits and demerits.

(Write above this line only)

2. 'विद्यालय प्रबंध समिति' पर टिप्पणी लिखिए।
Write note on 'School Management Committee'.

अध्यक्ष – प्रधानाचार्य
सदस्य – अभिभावक व स्थानीय निकाय प्रतिनिधि, शिक्षक, मंत्री आदि

विद्यालय के बहुमुखी विकास में परिजनों एवं जनता तथा जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु SMC का गठन

कार्य – विद्यालय का भौतिक विकास, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन, वित्त पर नियंत्रण, शैक्षिक गुणवत्ता बनाये रखना, समुदाय का विद्यालय से जुड़ाव सुनिश्चित करना

1

(Write above this line only)

3. आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के विभिन्न चरणों के नामोल्लेखित कीजिए।
Name the various stages of supply chain management.

I चरण – कंपनी → कस्टमर

II चरण – कंपनी → सप्लायर → कस्टमर

III चरण – कंपनी → सप्लायर → डिस्ट्रीब्यूटर → कस्टमर

0

नियोजन → विकास → निर्माण → सुपुर्दगी → मालवापसी

(Write above this line only)

4. व्यवसायिक नैतिकता में सन्निहित तत्वों/घटकों को लिखिए।
**Write the elements/components included in business ethics.**

उच्च प्रबंधकों की प्रतिबद्धता

व्यवसायिक नैतिकता के तत्व

- व्यवसाय में नैतिकता के नियमों का समावेश
- व्यापारी व उपभोक्ता में सकारात्मक संबंध
- उपभोक्ता की संतुष्टि अंतिम होना
- उपभोक्ता को गुणवत्तायुक्त वस्तु व सेवा उपलब्ध करवाना।

अंशधारियों की स्टेकहोल्डर भागीदारी

1½

(Write above this line only)

5. प्रबंधन में 'मध्य स्तरीय प्रबंधन' द्वारा किये जाने वाले प्रमुख कार्यों को लिखिए।
**Write the main functions performed by 'middle level management' in management.**

मध्य स्तर (i) उच्च स्तर व निम्न स्तर के मध्य मध्यस्थ का कार्य
(ii) कार्य का पृथक्करण (iii) निम्नस्तर पर निगरानी रखना
(iv) उच्च स्तर को वांछित सूचनाएँ प्रदान करना

1½

कार्मिक भर्ती व चयन
अधीनस्थों को प्रेरित करना

(Write above this line only)

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः!!

**Part – B** (10 Marks)

**भाग - ब** (10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.

**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

1. व्यवसाय के सामाजिक आधार के घटकों/तत्वों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
Write short note on the components/elements of social basis of business.

व्यवसाय के सामाजिक आधार के प्रमुख घटक (1) उपभोक्ता - यह सबसे महत्वपूर्ण घटक है। (2) विपणन (3) प्रचार-प्रसार (4) प्रोडक्ट पैकेजिंग (5)

0

ग्राहक संतुष्टि
जनकल्याण की भावना
पर्यावरणीय कारक समायोजन
कर्मचारी संतुष्टि

(Write above this line only)


2. निम्न पर टिप्पणी लिखिए/Write comment on the following.
   1. विलियिम आउची की Z विचारधारा/William Ouchi's Z ideology-
   2. जनतंत्रीय शैली/Democratic style-

प्रबंधन की जनतंत्रीय शैली - प्रबंधन में जनतंत्रीय अवधारणा में प्रबंधन का दायरा वृहद होता है प्रत्येक सदस्य का मत मुख्य होता है। इसमें उपभोक्ता भी शामिल हो सकता है।

1

Answer key देखें

विकेन्द्रीकृत सत्ता
मानवीय दृष्टिकोण




(Write above this line only)

**(Unit – III) (Section – C)** **(20 Marks)**

**(यूनिट – III) (सेक्शन – C)** **(20 अंक)**

**Part – A** **(10 Marks)**

**भाग - अ** **(10 अंक)**

**Note : Attempt all questions. Answer the following questions in 15 words each. Each Question carries 2 marks.**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 15 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक निर्धारित हैं।**

**1.** **'डयू-पॉन्ट वित्तीय विश्लेषण तकनीक' पर टिप्पणी लिखिए।**
**Write note on 'DuPoint Financial Analysis Technique'.**

(Write above this line only)

**2.** **'लाभदायकता अनुपात' पर टिप्पणी लिखिए।**
**Write note on 'Profitability Ratio'.**

(Write above this line only)

**3.** **आधुनिक विचारधारा के अनुसार वित्तीय विवरण के प्रकार बताइये।**
**According to modern ideology, tell the types of financial statements.**

वित्तीय विवरण – इसे बजट भी कहते है। यह कीसी संस्था या सरकार का आय-व्यय का लेखा होता है इसमें आगामी समय की आर्थिक स्थिति का अनुमान विश्लेषण। संविधान के अनु. 112 में।

शोध/आर्थिक प्रबन्ध, मानव संसाधन, सामाजिक विवरण

0

(Write above this line only)

4. प्रवृति विश्लेषण के तहत प्रवृति प्रतिशत की गणना करने का सूत्र लिखिए।
**Write the formula to calculate trend percentage under trend analysis.**

(Write above this line only)

5. दोहरा लेखा प्रणाली के विभिन्न चरणों के नाम लिखिए।
**Name the different stages of double accounting system.**

दोहरी लेखा प्रणाली में सर्वप्रथम अलग पन्नों पर ब्यौरा लिखते। उसके पश्चात् बही खाते में हिसाब लिखा जाता है। 0

अभिलेखन
वर्गीकरण
संक्षिप्तीकरण
संवर्धन

(Write above this line only)

गो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः

## Part – B
## भाग - ब

(10 Marks)
(10 अंक)

**Note :** Attempt all questions. Answer the following questions in 50 words each. Each Question carries 5 marks.
**नोट :** सभी प्रश्नों के उत्तर दें। निम्न प्रश्नों के उत्तर 50 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के 5 अंक निर्धारित हैं।

**1.** अंकेक्षण व जांच में अन्तर उल्लेखित करते हुए अंकेक्षण की सीमाएँ बताइये।
**Mentioning the difference between audit and investigation, explain the limitations of audit.**

| अंकेक्षण | जांच |
|---|---|
| (i) अंकेक्षण में व्यय के पश्चात् खातों का मिलान किया जाता है | (i) जांच कभी भी हो सकती है। इसमें अनियमितता को परखा जाता है |
| (ii) बाहरी या आंतरिक संस्था के द्वारा | (ii) किसी जांच समिति द्वारा |

अंकेक्षण की सीमाएँ – ये व्यय होने के पश्चात्, एक तरह से पोस्टमार्टम, सिर्फ व्यय का उद्देश्य देखा जाता है कि

(Write above this line only)

**20.** उत्तरदायित्व लेखांकन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए परम्परागत लेखांकन व उत्तरदायित्व लेखांकन में अन्तर बताइये।
**Explaining the concept of responsibility accounting, explain the difference between traditional accounting and responsibility accounting.**

उत्तरदायित्व लेखांकन

(Write above this line only)